Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to re-open NTC mills in Mumbai closed down during COVID-19 Pandemic.

श्री राहुल रमेश शेवाले (मुम्बई दक्षिण-मध्य): महोदय, कोविड-19 महामारी के दौरान मुंबई के एनटीसी कपडा की 4 मिलें बंद की गई । तभी से मिलों के हजारों श्रमिकों की दयनीय हालत है । इन मिल मजदूरों को वेतन का महज 50 फीसदी वेतन मिल रहा है जिससे उन्हें अपना परिवार चलाना बहुत मुश्किल हो गया है । मिल मजदूरों की आर्थिक स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है । पता चला है अभी तक कपड़ा मंत्रालय ने मुंबई में एनटीसी मिलों को फिर से शुरू करने पर कोई फैसला नहीं लिया है । अगर इन मिलों को शीघ्र शुरू नहीं किया गया तो इन मिलों में काम करने वाले 15,000 कामगारों के परिवारों की स्थिति और खराब हो जाएगी । साथ ही कोहिनूर और अन्य मिलों की इमारत और स्टाफ क्वार्टर जर्जर हालत में हैं । इन सभी इमारतों की मरम्मत होना जरूरी है । स्टाफ क्वार्टर बहुत ही बुरी हालत में हैं । कभी भी कोई हादसा हो सकता है । एनटीसी को इस ओर समुचित कदम उठाने चाहिए । सरकार एनटीसी के मुंबई स्थित मिलों को तुरंत खोलने का आदेश दें, जिससे इन मिलों के कर्मचारियों को पूरा वेतन मिल सकेगा और वो अपने परिवार का भरणपोषण करने में सक्षम होंगे ।